# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

# माह अप्रैल, 2017 की

# प्रगति आख्या

**(दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2017 तक)**

## दीक्षान्त समारोह

दिनांक 17 अप्रैल, 2017 को विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मा0 श्री राज्यपाल द्वारा सत्र 2015-16 में उत्तीर्ण स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 7140 विद्यार्थियों को उपाधियां एवं 20 स्वर्ण पदक प्रदान किए गये। इसके अतिरिक्त 02 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया गया।

पदक पाने वाले विद्यार्थियों की सूची-

**कुलाधिपति स्वर्ण पदक:**

- हुदा ए0जी0 जरीवाला — बी0एच0एम0
- श्री अमित चौधरी — एम0ए0 — योग

**स्वर्ण पदक:**

- नमामी बंसल — एम0ए0 — अर्थशास्त्र
- उमेश चन्द्र जोशी — एम0ए0 — शिक्षाशास्त्र
- आकांक्षा गर्ग — एम0ए0 — अंग्रेजी
- नेहा चौहान — एम0ए0 — इतिहास
- सुधीर चन्द्र उनियाल — एम0ए0 — हिन्दी
- नमिता बोरा — एम0ए0 — राजनीति विज्ञान
- हरीश चन्द्र डंगवाल — एम0ए0 — संस्कृत
- रूपा पालीवाल — एम0ए0 — समाजशास्त्र
- अमित चौधरी — एम0ए0 — योग
- अमिता बर्गली — एम0ए0 — एम0बी0ए0-12
- शैलजा सिंह — एम0 कॉम0
- रेखा पंत — एम0एससी — वनस्पति विज्ञान
- प्रकाश सिंह — एम0एससी — रसायन विज्ञान
- पवन कुमार दूबे — एम0 एससी — भौतिकी
- डॉ0 महेश कुमार — एम0ए0 — एम0एस0डब्लू0
- दीपक उनियाल — बी0ए0
- विभोर शर्मा — बी0कॉम
- हुदा ए0जी0 जरीवाला — बी0एच0एम

**(दीक्षांत समारोह से संबंधित मीडिया कवरेज संलग्न है- क)**

दिनांक 16 अप्रैल, 2017 को विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह के पूर्व दिवस पर मा0 श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदय का दीक्षांत भाषण उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो 'हैलो हल्द्वानी' 91.2 मेगा हट्ज में प्रसारित किया गया।

दीक्षांत समारोह के पूर्व दिवस पर विश्वविद्यालय में कार्य परिषद एवं विद्या परिषद की बैठकें भी हुई, इसमें दीक्षांत समारोह में वितरित की जाने वाली उपाधियों, डिप्लोमा एंव प्रमाण पत्रों को परिषदों ने अनुमोदित किया। कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव के निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के निदेशक, कार्यपरिषद एंव विद्या परिषद के सदस्य मौजूद थे।

## गुणवत्तापरक शिक्षा

दिनांक 19 अप्रैल, 2017 को मा0 श्री राज्यपाल एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 श्री धन सिंह रावत की अध्यक्षता में राज्य अतिथिगृह सभागार में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई जिसमें मा0 कुलपति जी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस सेमीनार का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में बदलाव की अवश्यकता पर विचार विमर्श करना है। महामहिम राज्यपाल द्वारा बदलते दौर में गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर बल दिया। मा0 उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा उत्तराखण्ड राज्य को शिक्षा के केन्द्र के रूप में और अधिक विकसित करने की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट किया।

## ग्राम्य विकास

दिनांक 22, अप्रैल, 2017 को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव तल्ली हल्द्वानी में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 45 रोगीयों जो कि दमा, जोड़ो के दर्द, कमर दर्द, स्पॉण्डिलाईटिस, मधुमेह, यकृत विकार तथा उच्च रक्त चाप आदि रोगों से ग्रस्त ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में डा0 प्रीति बोरा द्वारा खान-पान से रोगों के बचाव के संबंध में जानकारी दी गई तथा डॉ0 वीरेन्द्र सिंह द्वारा कृषि की विभिन्न तकनीकों के संबंध में ग्रामीणों को बताया।





**ऑनलाइन पाठ्य सामग्री**

विश्वविद्यालय द्वारा इस शैक्षणिक सत्र से योग, शिक्षा शास्त्र व कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए, जिनके द्वारा ऑनलाइन स्व-अध्ययन सामग्री का विकल्प चुना जाने पर उनके द्वारा भुगतान की जाने वाली पाठयक्रम शुल्क में 15 प्रतिशत छूट देने की व्यवस्था की गई है | इस सम्बन्ध में इन विषयों से सम्बन्धित स्व-अध्ययन सामग्री विश्वविद्यालय की वेबसाइट में e-education portal पर उपलब्ध कर दी गई है | ये कदम विद्यार्थियों को अधिक से अधिक इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने व सुचना व प्रौधौगिकी की आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उठाया गया है |

## सी0बी0सी0एस0 (Choice Base Credit System)

यू0 जी0 सी0 के नये निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा इस शैक्षणिक सत्र से होटल प्रबन्ध के स्नातक पाठयक्रम से सी0बी0सी0एस0 लागू किया जा रहा है | आने वाले समय में इसी तरह अन्य विषयों में भी इसे लागू करने की योजना पर विश्वविद्यालय द्वारा कार्य किया जा रहा है।

## कौशल विकास

कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा इस शैक्षणिक सत्र से विभिन्न नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे है | इन पाठयक्रमों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को कौशल आधारित शिक्षण व प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि उनको रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिल सके | वर्तमान सत्र से कौशल विकास से सम्बन्धित निम्न नये पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जा रहे है-

- सर्टिफिकेट कोर्स इन इंडस्ट्रियल स्किल्स एण्ड प्रोसेस
- सर्टिफिकेट कोर्स इन रेडियो प्रोडक्शन एण्ड प्रोग्रामिंग
- सर्टिफिकेट कोर्स इन ऑटोमोटिव मैन्यूफैक्चरिंग
- सर्टिफिकेट कोर्स इन ऑटोमोटिव ऐसेम्बली
- डिप्लोमा इन इनफॉरमेशन टैक्नौलॉजी

## कार्यशालाऐं

योग एवं प्रकृतिक चिकित्सा विभाग के तत्वाधान में विश्वविद्यालय द्वारा निम्न संस्थानों में 10 दिवसीय कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया-

- दिनांक 28 मार्च 2017 से 6 अप्रैल, 2017 तक श्री वासुदेव आश्रम ट्रस्ट समिति भूपतवाला, हरिद्वार में एम0ए0 योग प्रथम वर्ष एवं वेद निकेतन धाम भूपतवाला, हरिद्वार में एम0ए0 योग द्वितीय वर्ष की 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा दिनांक 7 अप्रैल, 2017 को प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित हुई।






- दिनांक 2 अप्रैल, 2017 से 11 अप्रैल, 2017 तक आदित्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय, किच्छा, उधम सिंह नगर में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में स्नातक प्रथम वर्ष/योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 12 अप्रैल, 2017 को आयोजित हुई।
- दिनांक 15 अप्रैल, 2017 से 24 अप्रैल, 2017 तक आदित्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय, किच्छा, उधम सिंह नगर में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में स्नातक तृतीय वर्ष की 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 25 अप्रैल, 2017 को आयोजित हुई।
- दिनांक 19 अप्रैल 2017 से 29 अप्रैल, 2017 तक केयर कम्प्यूटर, पिथौरागढ़ में एम0ए0 योग प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 30 अप्रैल, 2017 को आयोजित हुई।

**प्रवेश एवं परीक्षा**

- ग्रीष्मकालीन सत्र 2017-18 के प्रवेश हेतु तैयारियां की जा रहीं है।
- अप्रैल माह में 58 मूल उपाधियॉ, 68 अन्तरिम उपाधि एवं सेमेस्टर परीक्षा-2017 की परीक्षा से संबंधित अंकतालिकाएं को वाहक/डाक से प्रेषित किया गया।
- अप्रैल माह में पत्राचार व दूरभाष के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान, अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार आर0टी0आई एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित प्रकरणों पर कार्य किए गये।

- अप्रैल माह में योग, गृहविज्ञान, विज्ञान, ज्योतिष व कर्मकाण्ड, पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षा पिथौरागढ़, किच्छा, देहरादून व हल्द्वानी परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न कराई गई।
- आगामी वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा जून-2017 हेतु प्रश्नपत्र निर्माण व मोडरेशन कार्य किया गया।
- अप्रैल माह में जून/जुलाई-2017 की परीक्षा की अस्थायी कार्यक्रम जारी किया गया।
- आगामी परीक्षा हेतु तद् दिनांक तक 28775 (मुख्या परीक्षा) एवं 8353 (बैक परीक्षा) हेतु विद्यार्थियों के आवेदन विश्वविद्यालय एस0आई0एस0 में अंकित किए जा चुके है।
- आगामी वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा जून-2017 हेतु परीक्षा केन्द्रों से सम्पर्क, बैठकें एवं प्रश्नपत्र निर्माण की कार्यवाही की गई।

## स्वच्छता एवं कूड़े का निस्तारण

- स्वच्छता के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में समय-समय पर स्वच्छता सम्बन्धि कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इस प्रक्रिया में विश्वविद्यालय में कूड़े के निस्तारण हेतु Biodegradable Waste तथा Non Biodegradable Waste के निस्तारण की व्यवस्था की जा रही है। इस हेतु Biodegradable Waste हेतु दो कम्पोसिट पिट का निर्माण किया जा रहा है जिसमें Biodegradable Waste जैसे पत्तियां, लकड़ी, पेपर आदि कूड़े को डालकर बन्द कर दिया जायेगा और इससे तैयार होने वाली खाद को भविष्य में पेड़-पोधौ हेतु प्रयोग किया जा सकेगा। इसी प्रकार Non Biodegradable Waste को गढ्ढे में डम्प कर दिया जायेगा।

## शैक्षणिक कार्य

- **संस्कृत भाषा में आधार पाठ्यक्रम व साइबर सिक्यूरिटी में आधार पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में -** प्राचीन भाषायों के प्रचार प्रसार के लिए संस्कृत भाषा में आधार पाठ्यक्रम व यू जी सी के नये निर्देशानुसार साइबर सिक्यूरिटी में आधार पाठ्यक्रम इस शैक्षणिक सत्र से शुरू किए जा रहे है |
- **पाठ्य सामग्री निर्माण व संपादन की स्थिति -** वर्तमान में विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्याशाखायों के द्वारा संचालित पाठ्यक्रम, जिनकी स्व-अध्ययन सामग्री दुसरे संस्थानों से ली जारी रही थी, उन विषयों की स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण कार्य व सम्पादन कार्य बड़ी तेजी से चल रहा है ।

- **जर्नल्स समिति के सम्बन्ध में-** यू जी सी के नये निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित जर्नल की सूची में सम्मिलित करने हेतु विश्वविद्यालय के कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित सभी जर्नल के विवरण की प्रविष्टि के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक जर्नल विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है इस समिति का मुख्य कार्य विश्वविद्यालय के कार्य | परिषद द्वारा अनुमोदित सभी जर्नल के विवरण की प्रविष्टि निर्धारित तिथि तक सुनिश्चित करना है |

**अन्य गतिविधियां**

- दिनांक 14 अप्रैल, 2017 को मा0 कुलपति जी अध्यक्षता में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 दिनेश कुमार, सहायक प्राध्यापक, शिक्षाशास्त्र द्वारा मुख्य व्याख्यान दिया जिसमें अम्बेडकर जी द्वारा संविधान निर्माण में उनके योगदान व अन्य सामाजिक कार्यों में उनके द्वारा दिये गये योगदानों के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राजेन्द्र कैड़ा द्वारा किया गया।

- माह अप्रैल 2017 में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह का आयोजन, वर्ष 2017-18 (ग्रीष्मकालीन सत्र) में प्रवेश की तैयारियां, शिक्षकों द्वारा ईकाई लेखन, पाठ्यक्रमों में सुधार/ संशोधन, अध्ययन सामग्री/ पुस्तकों की संचरना/ प्रकाशन आदि कार्य किए जा रहे है। विद्याशाखाओं के शिक्षकों के व्याख्यानों की वीडियो रिकार्डिंग, विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किए गये।

**(विश्वविद्यालय की अन्य गतिविधियों से संबंधित मीडिया कवरेज संलग्न है- ख)**

.................................